**प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद**

श्री सतपाल अंतिल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक **15-09-2025** को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

**1-ईट-पथरों व घातक हथियारों से लैस होकर एक –दूसरे पर हमला करने का 01 और आरोपी गिरफ्तार,थाना पाकबड़ाः-**




अवगत कराना है दिनांक 06.09.2025 को उ0नि0 श्री अंकुर त्यागी थाना पाकबड़ा, मुरादाबाद ने अभियुक्त गण द्वारा गांव में दो पक्षों में गाली-गलौज करते हुए मारपीट करना व जान मारने की धमकी देते हुए घातक आयुधों व ईंट पत्थरों से पथराव करते हुए जान से मारने की नियत से हमला करना व मौके पर पुलिस द्वारा शान्ति व्यवस्था किये जाने पर भाग जाने के सम्बन्ध में जिससे मौके पर भय व आतंक का माहौल व्याप्त हो जाने के सम्बन्ध में थाना पाकबड़ा पर मु0अ0सं0-237/25 धारा-191(2)/191(3)/190/115(2)/352/351(2)/125/109 बीएनएस व धारा 7 आपराधिक कानून संशोधन अधि0 पंजीकृत किया गया। उक्त संबंध मे पूर्व में 07 आरोपी गिरफ्तार किये जा चुके है, दिनांक 14.09.2025 की रात्रि में विवेचनात्मक कार्यवाही के उपरान्त उ0नि0 श्री रमेश चन्द यादव थाना पाकबड़ा द्वारा मय हमराही पुलिसबल के आरोपी उस्मान पुत्र रहीस अहमद निवासी ग्राम उमरी थाना पाकबडा जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया । अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

**2- गाली गलैच कर जान से मारने की नियत से लाठी-डण्डे, सरिया व धारदार हथियार से हमला करने का 01 आरोपी गिरफ्तार, थाना कांठः-**



अवगत कराना है दिनांक 10.09.2025 को वादी श्री विवेक कुमार पुत्र जिले सिंह निवासी ग्राम बेगमपुर थाना कांठ जनपद मुरादाबाद ने अभियुक्तगण द्वारा वादी के घर में घुसकर वादी व वादी के पिता के साथ गाली गलौच कर जान से मारने की नियत से लाठी-डण्डे, सरिया व धारदार हथियार से हमला कर घायल कर देने के संबंध में थाना कांठ पर तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना कांठ पर मु0अ0सं0 222/2025 धारा 109(1),352,333,115(2) बी0एन0एस0 पंजीकृत किया गया। उक्त संबंध में विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 15.09.2025 को उ0नि0 श्री उ0नि0 श्री सन्दीप कुमार थाना कांठ द्वारा मय हमराही पुलिस बल के आरोपी बाबी पुत्र सूरज सिंह निवासी ग्राम बेगमपुर थाना कांठ जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

**3- चोरी करने का 01 आरोपी गिरफ्तार, थाना भोजपुरः-**




अवगत कराना है आज दिनांक 15.09.2025 को वादी इसराइल पुत्र मसीत अली निवासी ग्राम मिलक गोधी थाना भोजपुर, मुरादाबाद ने अभियुक्त द्वारा वादी के घर से एल्यूमीनियम के चैनर और एल्यूमीनियम के रिपिट चोरी एवं पीतल व एल्यूमीनियम के बर्तन चोरी कर लेने के सम्बन्ध में थाना भोजपुर पर तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना भोजपुर पर मु0अ0सं0 0408/2025 धारा- 305(a) बी.एन.एस. पंजीकृत किया गया। उक्त संबंध में विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 15.09.2025 को उ0नि0 श्री विपिन कुमार थाना भोजपुर द्वारा मय हमराही पुलिस बल के आरोपी बिलाल पुत्र आसिम निवासी ग्राम मिलक गोधी थाना भोजपुर, मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की निशादेही पर मुकदमा उपरोक्त चोरी से संबंधित एल्यूमिनियम व लोहे की रिपिट ,पीतल व एल्यूमिनियम के बर्तन बरामद किये गये। बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा- 317(2) बीएनएस की वृद्धि की गयी। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

**4-जनपदीय पुलिस द्वारा 02 वारंटी तथा शांति व्यवस्था भंग करने में 24 व्यक्तियों को हिरासत में लेकर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।**

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत जनपदीय पुलिस द्वारा 02 वारंटी तथा 24 व्यक्तियों को संज्ञेय अपराध कारित करने से रोकने एवं परिशान्ति कायम रखने हेतु अन्तर्गत धारा-170/126/135 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 में हिरासत में लेकर माननीय न्यायालय भेजा गया।

**वारंटी विवरणः-**

**थाना बिलारी-01, थाना कुन्दरकी- 01**

**शांति व्यवस्था भंग के आरोपीगण विवरणः-**

**थाना पाकबड़ा- 07, थाना कटघर- 02, थाना सिविल लाइन्स- 01, थाना मझोला- 02, थाना मूँढापाण्डे- 03, थाना कांठ- 01, थाना ठाकुरद्वारा- 03, थाना भगतपुर- 02, थाना डिलारी- 02, थाना कुन्दरकी- 01**